डाक अधीक्षक सेवा ग्रुप 'बी' और पोस्टमास्टर सेवा ग्रुप 'बी'

डाक अधीक्षक सेवा ग्रुप 'बी' के ग्रेड में उम्मीदवारों के चयन के लिए विभागीय पदोन्नति समिति की पिछली बैठक सितम्बर, 1975 में हुई थी और पोस्टमास्टर सेवा ग्रुप 'बी' में पदोन्नति के लिए विभागीय पदोन्नति समिति की पिछली बैठक अप्रैल, 1974 में हुई थी। डाक अधीक्षक सेवा ग्रुप "बी" में पदोन्नति के लिये भर्ती सम्बन्धी नियमों में कार्मिक विभाग, संघ लोक सेवा आयोग और विधि मन्त्रालय के परामर्श से संशोधन किया जा रहा है। भर्ती सम्बन्धी नियमों में संशोधन हो जाने के बाद पदोन्नति के लिए उम्मीदवारों का चयन करने के हेतु विभागीय पदोन्नति समिति की बैठक होगी। पोस्टमास्टर सेवा ग्रुप "बी" के लिए विभागीय पदोन्नति समिति की बैठक भी डाक अधीक्षक सेवा ग्रुप "बी" के लिए विभागीय पदोन्नति समिति की बैठक के साथ होगी।

डाक शाखा के लेखा अधिकारी

डाक लेखा का विभागीयकरण 1-4-76 को हुआ था, जब भारतीय लेखा परीक्षा व लेखा विभाग के बहुत से कर्मचारियों को डाक-तार विभाग में स्थानान्तरित किया गया था। उसके बाद अभी तक विभागीय पदोन्नति समिति की कोई बैठक नहीं हुई। इन पदों के लिए भर्ती के नियमों को अन्तिम रूप दिया जा रहा है। भर्ती के नियम अधिसूचित कर दिये जाने के बाद विभागीय पदोन्नति समिति की बैठक होगी।

सिविल विंग—सहायक इंजीनियर (सिविल)/(विद्युत) और सहायक आर्किटेक्ट

सहायक इंजीनियर (सिविल)/(विद्युत) के ग्रेड में पदोन्नति के लिये विभागीय पदोन्नति समिति की एक बैठक 20-3-78 को हुई थी। सहायक आर्किटेक्टों के सम्बन्ध में विभागीय पदोन्नति समिति की पिछली बैठक 2-6-76 को हुई थी। इस बारे में प्रस्ताव पर विचार किया जा रहा है।

भिलाई इस्पात संयंत्र में ढलवां लोहे के उत्पादन में कमी

7588. **श्री राम विलास पासवान :** क्या इस्पात और खान मन्त्री यह बताने की कृपा करेंगे कि :

(क) क्या गत आठ महीनों में भिलाई इस्पात संयंत्र की धमन भट्टी में ढलवां लोहे के उत्पादन में प्रतिदिन 1000 से 2000 टन की कमी रही ;

(ख) यदि हां, तो प्रतिदिन कितनी हानि हुई ; और

(ग) भिलाई इस्पात संयंत्र की धमन भट्टी की दैनिक उत्पादन क्षमता क्या है ?

इस्पात और खान मंत्रालय में राज्य मंत्री (श्री करिया मुंडा) : (क) और (ख) : जी, नहीं। पिछले आठ महीनों अर्थात अगस्त, 77 से मार्च, 1978 के दौरान भिलाई की धमन भट्टी में तप्त धातु का दैनिक औसतन उत्पादन 7,473 टन था, जो निर्धारित लक्ष्य से मात्र लगभग 482 टन कम था।

(ग) दैनिक औसतन निर्धारित क्षमता 8,137 टन है।

Satellite Telephone Communication Centre at Wandawash

7589. SHRI C. VENUGOPAL: Will the Minister of COMMUNICATIONS be pleased to state:

(a) whether there is any proposal to construct a satellite Telephone Communication centre at Wandawash, North Arcot Distt., Tamil Nadu; and

(b) if so, when it will be started and what will be cost of the project and the scope for employment opportunities?